Wonder Books

# Rhymes & गीत

C



## Contents


| | | |
|---|---|---|
| 1. | Thank You Father | 2 |
| 2. | प्रार्थना | 3 |
| 3. | Pussy Cat, Pussy Cat | 4 |
| 4. | नन्हा चूहा | 5 |
| 5. | What Do You Do ? | 6 |
| 6. | बिस्कुट का पेड़ | 7 |
| 7. | Mary had a Little Lamb | 8 |
| 8. | छोटे–छोटे पंख | 9 |
| 9. | Once I Caught A Fish Alive | 10 |
| 10. | वर्षा रानी | 11 |
| 11. | I Am A Little Teapot | 12 |
| 12. | छुक–छुक रेल | 13 |
| 13. | The Monkeys and the Capseller | 14 |
| 14. | बुद्धिमान बकरियाँ | 15 |
| 15. | Shapes Around Us | 16 |
| 16. | प्यासा कौआ | 17 |
| 17. | Parts of Body | 18 |
| 18. | अपना घर | 19 |
| 19. | Little Jack Horner | 20 |
| 20. | राखी का त्यौहार | 21 |
| 21. | Hop a Little | 22 |
| 22. | चुन्नू-मुन्नू | 23 |
| 23. | Fruits Power | 24 |
| 24. | आम | 25 |
| 25. | My Birthday | 26 |
| 26. | पेड़ लगाएँ | 27 |
| 27. | Toothbrush | 28 |
| 28. | टॉफी | 29 |
| 29. | The Fox and the Stork | 30 |
| 30. | चालाक लोमड़ी | 31 |
| | Worksheet/कार्यपत्रिका | 32 |

Theme: Prayer

# 1 THANK YOU FATHER

Thank you, father, for your care
For all your children everywhere.
As you feed us all our days
May our lives be filled with praise.
Thank you for each happy day,
For fun, friends, work and play;
Thank you for your loving care,
Here at home and everywhere.



Look at the pictures below.Tick (✓) the correct way to pray.



**For the Teacher**

Help children in learning when they should pray. Tell them they can pray- when you wake up, before you eat, before you go to bed. Explain to them that we should always be thankful to God for all the things He has gifted us.

Theme: Prayer

# 2 प्रार्थना

हम सब बच्चे हैं नादान,
दो हमको ऐसा वरदान।
मानवता का पाठ पढ़ें हम,
दो ऐसी विद्या का दान।
सच्चाई के पथ पर चलकर,
ऊँचा करें देश का नाम।
संकट कोई देश पर आए,
करें मुकाबला सीना तान।



सही का निशान (✓) लगाओ-हम सब क्या हैं?




**शिक्षण संकेत**

बच्चों को समझाइए कि प्रार्थना भगवान से बात करने का एक तरीका है। उन्हें बताइए कि भगवान प्रेम से हमारी बातें सुनते हैं और हमें प्रतिदिन दयालु व अच्छा बनने में मदद करते हैं।

Theme: Animal

# 3 PUSSY CAT, PUSSY CAT

Pussy cat, Pussy cat,
Where have you been ?
I have been to London,
To look at the Queen.
Pussy cat, Pussy cat,
What did you do there ?
I frightened
The little mouse,
Under the chair.




Look at the pictures.
Circle only the cats.



**For the Teacher**

While reciting this poem, encourage the children to be the little mouse and hide, while the pussy cat comes to find them.



Theme: Animal

# 4 नन्हा चूहा

चावल की बोरी पर चढ़कर,
नन्हा चूहा बोला।
बिल्ली मौसी अब मत समझो,
हमको इतना भोला।
हम लेकर बैठे हैं मौसी,
हाथ में मोटा डंडा।
एक बार में हो जाएगा,
जोश तुम्हारा ठंडा।

**सही विकल्प पर ( ✓ ) का निशान लगाओ:**

1. नन्हा चूहा किस पर चढ़ा?
   (क) पेड़ पर ☐
   (ख) बोरी पर ☐
   (ग) छत पर ☐
2. चूहे के हाथ में क्या था?
   (क) किताब ☐
   (ख) खिलौना ☐
   (ग) डंडा ☐

**शिक्षण संकेत**

बच्चों को समझाइए कि यह कविता दिखाती है कि एक छोटा-सा चूहा भी साहसपूर्वक बोल सकता है। उनसे आत्मविश्वासी रहने, स्वयं के लिए खड़े होने और डर की बजाय बुद्धिमानी का प्रयोग करने के महत्व पर चर्चा कीजिए।

Theme: Community Helpers

# 5 WHAT DO YOU DO ?



Hello Mr Postman!
What do you do ?
I bring your letters,
And parcels too.



Hello Mr Policeman!
What do you do ?
I guide the traffic,
And catch thieves too.



Hello Mr Cobbler ?
What do you do ?
I make your shoes,
And mend them too.


Choose the correct community helper.

He drives a big red truck and puts out fires.

a) Doctor ☐
b) Firefighter ☐
c) Postman ☐



Hello Mr Electrician!
What do you do ?
I fix your lights,
And gadgets too.




Hello Mr Tailor!
What do you do ?
I stitch your clothes,
And button them too.

**For the Teacher**

Tell the children about different community helpers and the tools which they use to do their work. Tell them that we should be respectful and polite to our helpers irrespective of their work.

Theme: Family

# 6 बिस्कुट का पेड़



मेरी प्यारी-अच्छी नानी,
मुझे सुनाओ एक कहानी।
जिसमें हो बिस्कुट का पेड़,
चॉकलेट, टॉफी का ढेर।
पापा जब ऑफिस से आएँ,
खूब खिलौने, संग में लाएँ।
मेरी प्यारी-अच्छी नानी,
मुझे सुनाओ एक कहानी।


दिए गए उपहार बॉक्स में सुंदर रंग भरिए।

**शिक्षण संकेत**

बच्चों को इस कविता के माध्यम से कल्पना और स्वप्नों की सुंदरता समझाइए। उन्हें रचनात्मक रूप से सोचने के लिए प्रोत्साहित कीजिए और उनसे पूछिए कि वे किस प्रकार का जादुई पेड़ पाना चाहेंगे।

Theme: Animals

# 7 MARY HAD A LITTLE LAMB



Mary had a little lamb,
Little lamb! Little lamb!
Mary had a little lamb,
It's fleece was white as snow.
And everywhere that Mary went,
Mary went! Mary went!
And everywhere that Mary went,
The lamb was sure to go.




What does a lamb do? Write 'Yes' or 'No' below each sentence.

A lamb eats grass. ______

A lamb can fly. ______

A lamb says "Baa Baa". ______

**For the Teacher**

Help the children reciting this rhyme with actions. Organise a role play in the class and encourage each and every child to participate.

Theme: Fantasy

# 8 छोटे-छोटे पंख

चिड़िया मुझे बना दो राम,
छोटे पंख लगा दो राम।
बागों में मैं जाऊँगा,
बैठ डाल पर गाऊँगा।
जब मम्मी होगी उदास,
झट आऊँगा उनके पास।
उतार पंख सो जाऊँगा,
सपनों में खो जाऊँगा।
इतना-सा बस कर दो काम,
चिड़िया मुझे बना दो राम।





सही का निशान (✓) लगाओ जहाँ तुम छोटे पंखों से उड़ना चाहोगे।

 ☐

 ☐

 ☐

**शिक्षण संकेत**

यह कविता एक बच्चे की उस इच्छा को प्रकट करती है जिसमें वह पक्षी की तरह उड़कर आनंद और सुकून के स्थानों तक पहुँचना चाहता है। इसे अवसर बनाकर बच्चों से अपने भाव प्रकट करने के महत्व पर चर्चा कीजिए।

Theme: Numbers

# 9 ONCE I CAUGHT A FISH ALIVE

One, two, three, four, five,
Once I caught a fish alive,
Six, seven, eight, nine, ten,
Then I let it go again.
Why did you let it go?
Because it bit my finger so.
Which finger did it bite?
This little finger on the right.



Count and tell the number of water animals.



**For the Teacher**


Help your children in practising the rhyme with actions. You can also accompany the rhyme by a clapping game and that will be surely loved by the kids.


Theme: Seasons

# 10 वर्षा रानी

**रिमझिम रिमझिम बूँदें गिरतीं,**
**आ पहुँची है वर्षा रानी।**
**भीग रहे हैं सोनू-मोनू,**
**कइयों ने है छतरी तानी।**
**इन्द्रधनुष चमकता नभ में,**
**मिले न कोई उसका सानी।**
**नदियाँ, नाले भरे लबालब,**
**चारों ओर है केवल पानी।**
**नाव बनाकर कागज की,**
**बच्चे करते हैं अब मनमानी।**

वर्षा ऋतु में कौन-सी चीज़ें इस्तेमाल होती हैं? उन पर (✓) का निशान लगाइए।





**शिक्षण संकेत**

कविता को हर्षित भावों के साथ पढ़िए। बच्चों से कहिए कि वे ताली बजाकर या उँगलियों से टिप-टिप, ड्रिप-ड्रॉप जैसी वर्षा की आवाज़ें बनाएँ। उन्हें प्रेरित कीजिए कि वे वर्षा से जुड़े अपने अनुभव बताएँ—भीगना, रेनकोट पहनना या कागज की नाव से खेलना।

Theme: Kitchen Utensils

# 11 I AM A LITTLE TEAPOT

Choose the correct answer:
The teapot has a handle and a ________.

Spoon ☐
Spout ☐
Plate ☐

I am a little tea-pot, short and stout,
Here is my handle, here is my spout.
When the water's boiling,
Hear me shout:
"Pick me up and pour me out."



**For the Teacher**

Teach the children that just like the teapot pours tea, we should pour out love and kindness to others.

Theme: Transport/Journey

# 12 छुक-छुक रेल

छुक-छुक, छुक-छुक, आती रेल,
छुक-छुक, छुक-छुक, जाती रेल।
पटरी पर चलती जाती रेल,
सीटी खूब बजाती रेल।
नाना के घर, नानी के घर,
सबको सैर कराती रेल।
छुक-छुक, छुक-छुक, आती रेल,
छुक-छुक, छुक-छुक, जाती रेल।

सही उत्तर पर निशान (✓) लगाइए।

ट्रेन कहाँ पर चलती है?

सड़क पर ☐ पटरी पर ☐

पानी पर ☐



**शिक्षण संकेत**

बच्चों को समझाएँ कि रेल हमें मिल-जुलकर आगे बढ़ने और यात्रा का आनंद लेने की सीख देती है।

# 13 THE MONKEYS AND THE CAPSELLER



A capseller was walking through a village, carrying a basket of colourful caps. Feeling tired, he sat under a tree and fell asleep.



While he slept, some naughty monkeys came down from tree and took all the caps, putting them on their heads!



When he woke up, he saw the monkeys with his caps. The capseller threw his own cap on the ground, and the monkeys copied him.



He quickly collected the caps and went on his way.

Moral: Use your wits to solve problems!

**For the Teacher**

Teach the children that the story shows how clever thinking helps us solve problems.

# 14 बुद्धिमान बकरियाँ



एक गाँव के पास नहर बहती थी। उस नहर पर लकड़ी का एक पुल था। उसकी चौड़ाई कम थी। उस पर से एक बार में एक ही आदमी या पशु जा सकता था। एक दिन पुल पर दो बकरियाँ अलग-अलग दिशाओं से चढ़ गईं। दोनों बकरियाँ इस बात पर बहस करने लगीं कि पीछे कौन हटेगी क्योंकि दोनों एक साथ पुल पार नहीं कर सकती थीं।



उनमें से एक बकरी ने कहा कि अगर हम दोनों लड़ेंगी तो हम नदी में गिर जाएँगी। इससे अच्छा मैं लेट जाती हूँ और तुम मेरे ऊपर से निकल जाओ। उसके बाद मैं निकल जाऊँगी। इस तरह दोनों बकरियों ने समझदारी से पुल पार कर लिया।

**शिक्षा : समझदारी से हर मुसीबत का उपाय निकल जाता है।**

Theme: Shapes

# 15 SHAPES AROUND US

Look all around you.
What shape do you see ?
A plate and a pizza.
A clock and a cookie
All in a circle.





Look all around you.
What shape do you see ?
A box and a book,
A window and a chess-board,
All in square.



Draw a line to match the object with its shape.





Look all around you.
What shape do you see ?
A samosa and a sandwich
A cap and an ice cream cone,
All in a triangle.



**For the Teacher**

While reading the poem, help children identify shapes like circle, square, and triangle in everyday objects. Use real items or pictures and let them name the shapes for fun learning.

Theme: Moral Poem

# 16 प्यासा कौआ



लगी एक कौए को प्यास,
उड़कर गया घड़े के पास।
घड़े में उसने चोंच डुबाई,
पानी तक वह पहुँच न पाई।
कैसे पानी पीया जाए?
उसको सूझा एक उपाय।
वहीं पड़े थे बहुत से कंकड़,
जल में डाले खूब धड़ा-धड़।
अंत में पानी ऊपर आया,
जल पीकर कौआ मुस्काया।



दिए गए प्रश्नों के उत्तर एक शब्द में दीजिए।

1. किसे प्यास लगी?
   ..............................................
2. कौए ने क्या डाले?
   ..............................................
3. कहाँ पानी था?
   ..............................................



**शिक्षण संकेत**

बच्चों को सिखाइए कि वे कौए की तरह समझदारी से सोचें और कभी हार न मानें। उनसे चर्चा कीजिए कि किस प्रकार बुद्धि और अच्छे विचारों का प्रयोग करके समस्याओं का समाधान किया जा सकता है।







Theme: Parts of Body

# 17 PARTS OF BODY



Two little ears to hear mother's call,
Two little fingers standing up tall,
One little nose that I can blow,
Ten little toes all in a row,
Two little thumbs to wiggle up and down,
Two little feet to stamp the ground,
Hands to clap, eyes to see,
Oh! What fun it is to be me.



Fill in the blanks below.

1. I see with my ____________.
2. I hear with my ____________.
3. I write with my ____________.







**For the Teacher**

Read the poem, one line at a time. Instruct the children to move their body parts with each line. Take the children out in a field and set up a play game, where the children can easily learn the poem in a fun way.

# 18 अपना घर

एक चिड़िया के बच्चे चार,
घर से निकले पंख पसार।
पूरब से पश्चिम को जाएँ,
उत्तर से दक्षिण को आएँ।
घूम के जब वो आए वापिस,
मम्मी को एक बात सुनाएँ।
देख लिया हमने जग सारा,
अपना घर है सबसे प्यारा।
अपना घर है सबसे प्यारा।



चिड़िया घोंसला बनाने के लिए किन चीज़ों का उपयोग करती है? सही चित्रों पर ( ✓ ) का निशान लगाओ।

- [ ] 
- [ ] 
- [ ] 
- [ ] 

**शिक्षण संकेत**

इस कविता के माध्यम से बच्चों को घर और परिवार के महत्व को समझाइए। उनसे पूछें की उनके घर में कौन-कौन रहता है और उन्हें अपने घर की कौन-सी बात सबसे अधिक प्रिय लगती है।

Theme: Festivals

# 19 LITTLE JACK HORNER

Little Jack Horner,
Sat in a corner,
Eating his Christmas pie.
He put in his thumb,
And he pulled out a plum,
And said,
"What a good boy am I!"

Tick (✓) the correct Christmas facts. Put a (✗) if it is wrong.

1. We play with colours. ☐
2. We get gifts. ☐
3. We decorate a Christmas tree. ☐



**For the Teacher**

Instruct the children to recite the poem after you. Ask the children do they like eating pies.


Theme: Festivals

# 20 राखी का त्यौहार

राखी धागों का त्यौहार,
इसमें भाई-बहन का प्यार।
सुबह-सुबह ही थाल सजाकर,
बहनें हो जातीं तैयार।
सभी भाई राखी बंधवाएँ,
सदा बहन का मान बढ़ाएँ।
बहनें प्यारे तोहफे पाएँ,
भाईयों को दें सदा दुआएँ।
भाई-बहन का प्यार अनूठा,
सबसे सच्चा कभी न झूठा।



नीचे दी गई राखी के चित्र को अपनी पसंद के रंगों से रंगो।



**शिक्षण संकेत**

इस कविता के माध्यम से बच्चों को रक्षाबंधन के त्योहार से आनंदपूर्ण ढंग से परिचित कराइए। उन्हें बताइए कि यह त्योहार भाई-बहन के प्रेम के बंधन का उत्सव है।

Theme: Good Habits

# 21 HOP A LITTLE

Hop a little, jump a little,
One, two, three;
Skip a little, run a little,
Tap one knee.
Bend a little, stretch a little,
Nod your head;
Yawn a little, sleep a little,
In your bed.







Look at the picture below. Write the action the child is performing.



_______________





**For the Teacher**

Teach the children jumping, hopping, running and skipping exercises. These exercising steps warm up the children and they will enjoy it.

Theme: Unity

# 22 चुन्नू-मुन्नू

चुन्नू-मून्नू थे दो भाई,
चॉकलेट पर हुई लड़ाई।
चुन्नू बोला मैं ही लूँगा,
मुन्नू बोला मैं ही लूँगा।
झगड़ा सुनकर मम्मी आई,
दोनों को एक बात समझाई।
आधी तू ले चुन्नू बेटा,
आधी तू ले मुन्नू बेटा।
ऐसा झगड़ा कभी न करना।
दोनों मिलकर प्रेम से रहना।



रिक्त स्थान भरिए।

1. आपके कितने भाई-बहन हैं?
.............................................
2. क्या आप दोनों साथ में खेलते हैं?
.............................................

**शिक्षण संकेत**

बच्चों को प्रोत्साहित कीजिए कि वे अपने भाई-बहनों के बारे में बताएँ–कैसे वे साथ खेलते हैं, झगड़ते हैं और एक-दूसरे की देखभाल करते हैं। बच्चों से कविता को हाव-भाव और क्रियाओं के साथ सुनवाइए ताकि वह जीवंत और उनसे जुड़ी हुई लगे।

Theme: Food

# 23 FRUITS POWER



Lots of fruits we must eat,
Less of chocolates,
And less of sweets.
Fruits can make you so strong,
Chocolates can make you ill long.
Fruits give you energy to play,
That will last you all day.



Identify the fruits and tick (✓) them.



**For the Teacher**


Sing the poem to the children and ask them to follow you. Encourage them to eat more fruits daily. Ask children the name of their favourite fruit.

Theme: Food

# 24 आम

मन करता हैं खाएँ आम,
चलो बाग से लाएँ आम।
चलो रे सोनू, चलो रे रामू,
और चलो तुम भी मुस्कान।
ताजे-ताजे, खट्टे-मीठे,
सबके मन को भाए आम।
चौसा, लंगड़ा और दशहरी,
'राजा जी' कहलाएँ आम।

बिंदुओं को मिलाकर आम पूरा करो और रंग भरो।





**शिक्षण संकेत**

कविता का पाठ कीजिए, क्योंकि यह बच्चों को आम–फलों का राजा है–से हँसी-खुशी और रोचक तरीके से परिचित कराती है। शुरुआत बच्चों से यह प्रश्न पूछकर कीजिए:

- क्या तुमने आम खाया है?
- वह मीठा था या खट्टा?

Theme: Self Love

# 25 MY BIRTHDAY

Today is my birthday,
It is a happy happy day.
So come along,
And sing a song,
To cheer me all the way,
A happy happy birthday.
So I can be bright,
And do what is right,
Today and for the rest of my life.

Circle the things you see on a birthday.





**For the Teacher**

Let one child recite the poem with actions in front. The class follows along. Then, ask each child their birthday and connect it to the poem.

Theme: Nature

# 26 पेड़ लगाएँ

एक-एक सब पौधा लगाएँ,
पेड़ करोड़ों ही उग जाएँ।
धरती हरी-भरी हो जाए,
रोग हमारे सब मिट जाएँ।
धरती माँ हमसे यह बोली,
मत खेलो पेड़ की होली।
आओ मिलकर हम सब गाएँ,
एक-एक पौधा सभी लगाएँ।

पेड़ को बढ़ने के लिए क्या-क्या चाहिए? सही वस्तु से मिलाओ।





**शिक्षण संकेत**

कविता का पाठ अभिव्यक्तियों के साथ कीजिए ताकि वह रोचक और आनंददायक बने–बाँहों को पेड़ की शाखाओं की तरह फैलाइए, उँगलियों को पत्तियों की तरह हिलाइए और हाथों से पानी देने की क्रिया दिखाइए।

Theme: Personal Hygiene

# 27 TOOTHBRUSH

I have a toothbrush,
neat and gay,
To brush my teeth
with everyday;
I brush them
each morning,
I brush them
each night,
Till all are shining,
clean and bright.



Colour the box red if it shows a good hygiene habit.

| | |
|---|---|
| I brush my teeth. | |
| I eat candy everyday. | |
| I take a bath daily. | |
| I do not trim my nails. | |


**For the Teacher**

Have a group discussion with the children and ask them:
Are your teeth clean and bright? Do you brush them every night?
Do you brush them side to side?

Theme: Food

# 28 टॉफी

जब मैं छोटा बच्चा था,
टॉफी खूब चबाता था।
पापा ने मुझको समझाया,
बड़े प्रेम से ये बतलाया।
टॉफी खाना बहुत खराब,
हो जाएँगे दाँत खराब।



डिब्बा को ध्यान से देखो। उसमें कितनी टॉफियाँ हैं, गिनो और संख्या बॉक्स में लिखो।

☐

**शिक्षण संकेत**

कविता को मज़ेदार हाव-भाव और अभिव्यक्तियों के साथ सुनाइए। बच्चों से कहिए कि वे टॉफ़ी खाने और बाँटने का अभिनय करें। उन्हें समझाइए–"बहुत ज़्यादा टॉफ़ी खाना दाँतों के लिए अच्छा नहीं है। हमें कभी-कभी ही मिठाई खानी चाहिए और हमेशा उसके बाद दाँत ब्रश करने चाहिए।"

Theme: Story

# 29 THE FOX AND THE STORK



Once a selfish fox invited a stork to dinner. He served some soup in a very shallow dish. The stork had a long beak. He could not drink the soup and remained hungry.



After some days, the stork invited the fox. He served the food in a long necked jar. The fox could not eat anything. His mouth could not enter the jar.

Moral: Tit for tat.

Theme: Story

# 30 चालाक लोमड़ी



भोजन की खोज में भटकते हुए एक लोमड़ी एक गहरे गड्ढे में गिर पड़ी। उसने बाहर निकलने की बहुत कोशिश की लेकिन सफल नहीं हुई। वहाँ से एक बकरी निकल रही थी। उसने लोमड़ी को गड्ढे में देखकर पूछा, ''लोमड़ी बहन! इस गड्ढे में क्या कर रही हो?''

लोमड़ी चालाकी से बोली, ''बकरी बहन! तुमसे क्या छिपाऊँ। इस वन के देवता ने मुझे बताया है कि आज इस गड्ढे से अमृत का स्रोत फूटेगा। जो उसमें स्नान करेगा, वह अमर हो जाएगा। तुम चाहो, तो आ जाओ। ऐसा अवसर बार-बार हाथ नहीं लगता।''



बकरी लोमड़ी की चिकनी-चुपड़ी बातों में आ गई। वह गड्ढे में कूद पड़ी। लोमड़ी एक बार उछली तो बकरी की पीठ पर आ गई। दूसरी बार में गड्ढे के बाहर निकल गई। फिर लोमड़ी बोली, ''प्यारी बहना! मेरे बच्चे इंतजार कर रहे होंगे। मैं तो जा रही हूँ। तुम तो अमर होकर ही आना।'' बकरी बेचारी पछताती रह गई।

**शिक्षाः** जो लोग बिना सोचे-समझे दूसरों की बात पर विश्वास कर लेते हैं, उन्हें पछताना पड़ता है।

# Worksheet/कार्यपत्रिका

**Tick(✓) the food items which are healthy and cross(✗) the ones which are unhealthy.**







